# कार्यालय आबकारी आयुक्त, उत्तर प्रदेश।

संख्या /टास्क फोर्स–2/ई–लॉटरी/2024–25 दिनांकः अप्रैल 08 ,2025

**सेवा में,**

**समस्त जिलाधिकारी,**
उत्तर प्रदेश।

**विषयः–आबकारी वर्ष 2025–26 हेतु आबकारी दुकानों की तृतीय चरण की ई–लॉटरी के जनपदवार कार्यक्रम के सम्बन्ध में।**

**महोदय/महोदया,**

उपर्युक्त विषयांतर्गत अवगत कराना है कि आबकारी नीति वर्ष 2025–26 के अनुपालन में वर्तमान में आबकारी दुकानों की ई–लॉटरी हेतु आवेदन पत्र, एन.आई.सी. द्वारा विकसित ई–लॉटरी पोर्टल पर प्राप्त किये गये हैं। ई–लॉटरी का तृतीय चरण संपूर्ण प्रदेश में दिनांक 09.04.2025 को निम्नांकित जनपदवार समय–सारिणी के अनुसार कराया जाना प्रस्तावित हैः–

| क्र.सं. | समय | जनपद का नाम |
|---|---|---|
| 1 | अपरान्ह 3:00 बजे से अपरान्ह 04:30 बजे तक | सहारनपुर, मेरठ, बागपत, बुलन्दशहर, आगरा, लखनऊ, रायबरेली, कानपुर नगर, जालौन, झांसी, महोबा, अयोध्या, कुशीनगर, देवरिया, आजमगढ़, बलिया, जौनपुर, गाजीपुर, वाराणसी, भदोही, प्रयागराज, सीतापुर। |

तद्क्रम में अवगत कराना है कि तृतीय चरण की ई–लॉटरी के दौरान 63 दुकानों पर मात्र 629 आवेदन प्राप्त हुये है, जिसके कारण ई–लॉटरी परिसर में कम आवेदकों के आने की संभावना के दृष्टिगत तृतीय चरण की ई–लॉटरी द्वितीय चरण की भांति संबंधित जनपद के जिला कलेक्ट्रेट के सभागार में वहां पर उपलब्ध एन.आई.सी. के Nicnet के माध्यम से ही आयोजित करायी जाये। इसके साथ ही किसी भी दशा में ई–लॉटरी हेतु वाई.फाई/मोबाइल डाटा का प्रयोग न किया जाये।

अतः अनुरोध है कि कृपया उपर्युक्त जनपदवार समय–सारिणी से समस्त सम्बन्धित को अवगत कराते हुये स्वच्छ एवं पारदर्शी तरीके से ई–लॉटरी की प्रक्रिया का निष्पादन अधोहस्ताक्षरी द्वारा निर्गत पत्र संख्याः 30306–30381/टास्क फोर्स–2/ई–लॉटरी/2024–25 दिनांक 28.02.2025 के अनुसार कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

**(डा. आदर्श सिंह)**
आबकारी आयुक्त,
उत्तर प्रदेश।

संख्या 18 (i – xii) /टास्क फोर्स–2/ई–लॉटरी/2024–25/तद्दिनांक।

**प्रतिलिपि** निम्नलिखित की सेवा में सादर सूचनार्थ प्रेषितः–

1. प्रमुख सचिव, उत्तर प्रदेश शासन, आबकारी विभाग, बापू भवन, लखनऊ।

**प्रतिलिपि** निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. समस्त पुलिस आयुक्त, उत्तर प्रदेश।
2. समस्त मण्डलायुक्त, उत्तर प्रदेश।
3. समस्त एस.एस.पी./एस.पी. जनपद, उत्तर प्रदेश।
4. राज्य सूचना विज्ञान अधिकारी, योजना भवन, लखनऊ।
5. श्री शैलेष कुमार श्रीवास्तव, वरिष्ठ निदेशक (आई0टी0) एवं प्रभागाध्यक्ष, एन0आई0सी0 राज्य केन्द्र, उ0प्र0, लखनऊ को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि उपरोक्त कार्यक्रम को ई–लॉटरी पोर्टल पर अपलोड कराना सुनिश्चित करें।

6. समस्त संयुक्त आबकारी आयुक्त, जोन, उत्तर प्रदेश।
7. समस्त उप आबकारी आयुक्त, प्रभार, उत्तर प्रदेश।
8. समस्त जिला आबकारी अधिकारी, उत्तर प्रदेश को ई–लॉटरी के द्वितीय चरण हेतु आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
9. समस्त जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, उत्तर प्रदेश।
10. समस्त अनुभाग अधिकारी, मुख्यालय।
11. सेवा प्रदाता, ओएसिस साइबरनेटिक्स प्रा0लि0 को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि उपरोक्त कार्यक्रम को विभागीय पोर्टल पर अपलोड कराना सुनिश्चित करें।

(डा. आदर्श सिंह)
आबकारी आयुक्त,
उत्तर प्रदेश।